

Australian Government
Department of Health and Aged Care

# Support at Home में जाने के लिए आपको क्या करना होगा

**Support at Home कार्यक्रम के लिए तैयार बनने के बारे में जानकारी प्रदान करने वाले पत्र में संदर्भ के अनुसार स्वास्थ्य एवं वृद्ध देखभाल विभाग और Services Australia आपकी ओर से कई गतिविधियों को प्रोत्साहित कर रहा है। नीचे दी गई जांचसूची में परिवर्तन के लिए तैयार बनने के उद्देश्य से आपके द्वारा उठाए जा सकने वाले कदमों की रूपरेखा दी गई है।**

| गतिविधि | समय सीमा | और अधिक जानकारी कहां मिलेगी | पूरा कर लिया |
|---|---|---|---|
| Support at Home कार्यक्रम के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करें। | अभी उपलब्ध संसाधन | My Aged Care वेबसाइट पर जाएं: **www.myagedcare.gov.au**<br>जानकारी में शामिल हैं:<br>• तथ्यपत्रक<br>• *Support at Home कार्यक्रम - वृद्धजनों, परिवारों और देखभालकर्ताओं के लिए पुस्तिका।*<br>आप इन संसाधनों के लिए अपने प्रदाता से भी आग्रह कर सकते/ती हैं। | ☐ |
| Support at Home के लिए फीस और योगदानों के बारे में जानकारी प्राप्त करें। | अभी उपलब्ध संसाधन | Support at Home कार्यक्रम - वृद्धजनों, परिवारों और देखभालकर्ताओं के लिए पुस्तिका देखें।<br>आप Support at Home में पारगमन करते समय अपने प्रदाता से अपनी फीस के बारे में बात कर सकते/ती हैं।<br>जल्द ही My Aged Care वेबसाइट पर एक फीस कैलकुलेटर उपलब्ध होगा, जिससे आपके द्वारा Support at Home के लिए भुगतान की जाने वाली किसी भी फीस का अनुमान लगाया जा सकता है। | ☐ |

| गतिविधि | समय सीमा | और अधिक जानकारी कहां मिलेगी | पूरा कर लिया |
|---|---|---|---|
| अपने प्रदाता से आपसे संपर्क किए जाने की उम्मीद करें, ताकि वे आपकी देखभाल योजना की समीक्षा कर सकें और एक नया सेवा अनुबंध बना सकें (जिसे वर्तमान में Home Care Agreement कहा जाता है)। | अप्रैल/मई 2025 से | आप अपने अधिकारों के बारे में जानकारी और अपने समर्थन के लिए एक पक्ष-समर्थक का अनुरोध करने के लिए Older Persons Advocacy Network [वृद्धजन पक्ष-समर्थक नेटवर्क] से संपर्क कर सकते/ती हैं।<br><br>**1800 700 600** पर कॉल करें या **www.opan.org.au** पर जाएँ। | ☐ |
| यदि आप समर्थनकारी तकनीकी (एसिस्टिव टैक्नोलॉजी) खरीदने या गृह संशोधनों के लिए अपने खर्च न किए गए निधीकरण का उपयोग करना चाहते/ती हैं, तो अपने प्रदाता से बात करें।<br><br>यह आपकी सेवा अनुबंध चर्चा का हिस्सा बन सकता है। | अप्रैल/मई 2025 से | विभाग की वेबसाइट (**www.health.gov.au**) पर समर्थनकारी तकनीकी (एसिस्टिव टैक्नोलॉजी) एवं गृह संशोधन योजना के बारे में जानकारी उपलब्ध है।<br><br>आप इस जानकारी के लिए अपने प्रदाता से भी आग्रह कर सकते/ती हैं। | ☐ |
| यदि आप वर्तमान में Income Tested Care Fees [आय परीक्षित देखभाल शुल्क] का भुगतान कर रहे/ही हैं, तो Services Australia आपको अपनी Support at Home योगदान दर के बारे में सूचित करेगा।<br><br>आपको आय और संपत्ति के बारे में जानकारी देने की आवश्यकता हो सकती है। | 1 जुलाई 2025 से | Services Australia की ओर से आपको, पत्राचार के लिए आपके नामित व्यक्ति को और सेवा प्रदाता को एक पत्र प्राप्त होगा।<br><br>सेवार्थी संरक्षणों के बारे में और यदि आप वृद्ध देखभाल शुल्क वहन नहीं कर सकते/ती हैं तो क्या करें, इस बारे में जानकारी के लिए My Aged Care पर जाएं। | ☐ |

इन गतिविधियों को पूरा करने में अतिरिक्त सहायता के लिए देखें: **"यदि मेरे पास कोई प्रश्न हों, तो मैं कहां जा सकता/ती हूं?"**

DT0004816 0325